## प्रेस नोट कुर्की थाना मक्खनपुर दिनांक 05-11-2025 जनपद फिरोजाबाद।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा गैगस्टर एक्ट के तहत गैंगलीडर अभियुक्त प्रमोद कुमार की मूल्य 34 लाख 25 हजार 72 रूपये (34,25,072.84 रूपये) की चल / अचल सम्पत्ती आज दिनांक 05-11-2025 को कुर्क कर की गयी जब्तीकरण की कार्यवाही।**

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में आदतन अपराधियों पर लगातार की जा रही है धारा 14(1) के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही......**

**गैंगलीडर अभियुक्त प्रमोद कुमार अपने गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर मारपीट, दहेज हत्या, गाली गलौज, सरकारी कर्मचारियों के साथ मारपीट, चोरी, छिनैती करना जैसे अपराध कारित करता है.......**

**गैंगलीडर अभियुक्त प्रमोद पर जनपद के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक अभियोग हैं पंजीकृत......**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा गैंगस्टर एक्ट के तहत आदतन एवं संगठित होकर गम्भीर अपराधों को अंजाम देने वाले गैंगस्टर अभियुक्तों को विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना मक्खनपुर पुलिस टीम मय राजस्व टीम द्वारा थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 01/2025 धारा 2/3 गिरोहबंद एंव असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 जनपद फिरोजाबाद से सम्बन्धित गैंगलीडर अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र शिवसिंह निवासी नगला बडा मिर्जा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद की अन्तर्गत धारा 14(1) गिरोहबंद एंव असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 में अचल सम्पत्ति मूल्य 34 लाख 25 हजार 72 रूपये (34,25,072 रूपये) की चल / अचल आज दिनांक 05-11-2025 को कुर्क कर की गयी जब्तीकरण की कार्यवाही। गैंगलीडर अभियुक्त प्रमोद कुमार अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मारपीट, दहेज हत्या, गाली गलौज, जान से मारने की नियत से हमला करने, सरकारी कर्मचारियों के साथ मारपीट, चोरी, छिनैती करना जैसे अपराध कारित करता है। अपराधियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। प्रमोद कुमार द्वारा गम्भीर अपराध कारित कर अवैध धन अर्जित किया गया है।

**नाम व पता गैंगलीडर अभियुक्त --**

1-गैंग लीडर अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र शिवसिंह निवासी नगला बडा मिर्जा थाना रामगढ जनपद जनपद फिरोजाबाद।

**आपराधिक इतिहास गैंगलीडर अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र शिव सिंह -**

1. मु0अ0सं0 121/2016 धारा 498ए/304बी भादवि व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम थाना रामगढ़, जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 399/2020 धारा 353/427/504/506 भादवि व 138 विद्युत अधिनियम थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 400/2021 धारा 379/411 भादवि थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0अ0सं0 655/2023 धारा 41/102 दं0प्र0सं0 व धारा 414 भादवि थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाद।
5. मु0अ0सं0 702/2024 धारा 35/106 बीएनएसएस व 317 (5)/111 (2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद।
6. मु0अ0सं0 698/2024 धारा 304/317 (2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद
7. मु0अ0सं0 594/2024 धारा 305/317 (2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
8. मु0अ0सं0 155/2024 धारा 411/413/414 भादवि थाना रामगढ़ फिरोजाबाद।
9. मु0अ0सं0 001 / 2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद

**गैंग लीडर प्रमोद कुमार उपरोक्त की जब्त की गयी अचल सम्पत्ति-**

| क्र0सं0 | सम्पत्ति का स्वामी | सम्पत्ति का प्रकार | मूल्य |
|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती संजू पत्नी प्रमोद कुमार निवासी बडा नगला मिर्जा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद। | मौजा दीदामई में आवासीय प्लॉट 84.28 वर्ग मीटर | 9,27,080 /- रुपये |
| 02 | श्रीमती संजू पत्नी प्रमोद कुमार निवासी बडा नगला मिर्जा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद। | मौजा रैपुरा में प्लॉट 63.24 वर्ग मीटर | 2,84,580 /- रुपये |
| 03 | श्रीमती संजू पत्नी प्रमोद कुमार निवासी बडा नगला मिर्जा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद। | मौजा बुढरई में प्लॉट 130.70 वर्ग गज में अर्द्ध निर्मित भूखण्ड | 22,13,412.84 /- रुपये |
| | | कुल योग-- | 34,25,072.84 रुपये |

कुल कुर्क की गयी अचल सम्पत्ती की कीमत (रूपयों में) 34,25,072.84 रुपये।